PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
शनिवार,29,नवंबर,2025




प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## भारत में पहली बार: लाल किले में होगा यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत समिति का 20वां सत्र, PM कर सकते हैं उद्घाटन



एतिहासिक लाल किले की प्राचीन दीवारें इस वर्ष दिसंबर में एक अलग ही स्वर सुनेंगी। विश्व संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक बैठक यहां होगी। भारत सरकार पहली बार यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत समिति (आईसीएच) के 20वें सत्र की मेजबानी कर रही है। यह महत्वपूर्ण वैश्विक सम्मेलन आठ से 13 दिसंबर 2025 तक नई दिल्ली स्थित लाल किले में आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इसमें दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यमुना तट पर खड़े इस विश्व धरोहर स्थल को इसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक महत्ता के कारण चुना गया है। परिसर में स्थित 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय, याद-ए-जालियां, नेताजी सुभाष चंद्र बोस संग्रहालय और आत्मनिर्भर भारत डिजाइन केंद्र इस आयोजन को और भी अर्थपूर्ण बनाएंगे। वहीं, इस बैठक में भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय और संगीत नाटक अकादमी, इनटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज (आईसीएच) से जुड़े सभी मामलों के लिए नोडल एजेंसी हैं। यूनेस्को के 2003 कन्वेंशन के तहत गठित इस समिति में इस बार कुल 24 देश इस सांस्कृतिक बैठक का हिस्सा बनेंगे।

## क्या सोना हो जाएगा सस्ता या दाम छुएंगे आसमान?

## बाबा वेंगा की ये वायरल भविष्यवाणी चौंका देगी




**Baba Vanga on Gold**: दुनियाभर में अपनी भविष्यवाणियों के लिए चर्चा में रहने वाली बुल्गारिया की बाबा वेंगा ने सोने को लेकर एक भविष्यवाणी की है। । दुनियाभर में उनकी भविष्यवाणियों की चर्चा होती है। बाबा वेंगा की आंखों की रोशनी सिर्फ 12 साल की उम्र में ही चली गई थी। बाबा वेंगा ने सोवियत संघ के विघटन, अमेरिका में आतंकी संगठन अलकायदा के 9/11 हमले समेत कई भविष्यवाणियां की थीं, जो बिल्कुल सच साबित हुई हैं। अब सोने के दाम को लेकर की गई उनकी भविष्यवाणी लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। हाल के महीनों में सोने के दाम में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। भारत में 10 ग्राम सोने का दाम करीब 1 लाख 25 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। अब इस बीच बाबा वेंगा की 2026 को लेकर की गई भविष्यवाणी गोल्ड की कीमतों में और उछाल की चर्चा को हवा दे दिया है। बाबा वेंगा की वायरल भविष्यवाणी के मुताबिक, एक वित्तीय संकट पारंपरिक बैंकिंग सिस्टम को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से लोग सोने जैसे फिजिकल एसेट्स की तरफ भागेंगे। अगर बाबा वेंगा की यह भविष्यवाणी सच हो जाती है, तो सोने की कीमतें 25 से 40 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। बाबा वंगा की कथित भविष्यवाणी के मुताबिक, 2026 में सोने की कीमतें अभूतपूर्व ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं।

## India Airbus Solar Radiation

### भारत में करीब 250 विमानों के सॉफ्टवेयर बदलने होंगे; एयरबस ने बताई परेशानी की वजह




भारत में लगभग 200-250 विमानों में गंभीर परेशानी होने की आशंका है। एयरबस कंपनी के इन विमानों में सॉफ्टवेयर बदलने होंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि तीव्र सौर विकिरण (Solar Radiation) के कारण महत्वपूर्ण डाटा प्रभावित हो सकता है। कंपनी के मुताबिक ये डाटा उड़ान नियंत्रण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में भारतीय एयरलाइनों को तीव्र सौर विकिरण से जुड़ी इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कराने होंगे। शुक्रवार देर रात जारी बयान के मुताबिक एयरबस ने कहा, ए320 श्रेणी के अनेक विमानों का डाटा प्रभावित हो सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव किया जाना जरूरी है। इस प्रक्रिया को पूरा करते समय ए320 विमानों के परिचालन में व्यवधान आ सकता है। **विमान लिफ्ट होते समय गति अनियंत्रित होने का खतरा** ईएएसए ने कहा कि अगर इस समस्या को तत्काल ठीक नहीं किया गया तो विमान लिफ्ट होते समय गति अनियंत्रित होने का खतरा है। असुरक्षा की आशंका से निपटने के लिए प्रभावित विमानों में सेवा योग्य ईएलएसी इंस्टॉल कराने का निर्देश दिया गया है।

## दिल्ली-एनसीआर में 12 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

### अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश, फाइनेंसर समेत 10 गिरफ्तार





दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएनएबी) व एनसीबी की एक संयुक्त टीम ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गिरोह का एक फाइनेंसर भी शामिल है। साथ ही 40 विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। शुक्रवार देर रात तक उनसे पूछताछ की जा रही थी। आरोपियों को दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से करीब 12 करोड़ की ड्रग्स व एक लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी हुई है। टीमें लगातार दबिश देकर गिरोह से जुड़े आरोपियों के बारे में तलाश कर रही है। पुलिस को पता चला है कि गिरोह का फाइनेंसर बदरुद्दीन ग्रेटर नोएडा में रहता है। इसके बाद टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस को पता चला कि आरोपी पिछले तीन माह में करीब 10 करोड़ की ट्रांसजेक्शन की है।

## India-Russia Ties

### पुतिन के भारत दौरे से पहले रूस की पहल, सैन्य समझौता RELOS को मंजूरी देने की तैयारी में जुटा

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आने की तारीख पूरी तरह से तय हो गई है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पुतिन चार और पांच दिसंबर को भारत के औपचारिक दौरे पर होंगे। ऐसे में इस दौरे से पहले रूस ने एक बड़ा कदम उठा है। इसके तहत रूस की निचली संसद (स्टेट डूमा) भारत के साथ हुए एक अहम सैन्य समझौते लॉजिस्टिक्स समझौते का पारस्परिक आदान-प्रदान (RELOS) को मंजूरी देने वाली है। पुतिन अपने भारत दौरा के दौरान मुख्यत: 23वें भारत-रूस सालाना सम्मेलन में हिस्सा भी लेंने वाले हैं।



**क्या है RELOS समझौता?**

बता दें कि यह समझौता 18 फरवरी 2025 को मॉस्को में भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस के तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने साइन किया था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच लॉजिस्टिक सपोर्ट आसान बनाना संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान सहयोग को आसान और तेज करना है। इसको लेकर रूसी सरकार का कहना है कि इस समझौते को मंजूरी देने से दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग और मजबूत होगा।

## Bihar Politics: महागठबंधन के विधायकों के साथ बैठक करेंगे तेजस्वी, विधानसभा सत्र समेत कई मुद्दों पर होगी बात

बिहार चुनाव में हार के बाद पहली बार महागठबंधन के सभी दल एकजुट हो रहे हैं। जीते हुए विधायकों और प्रमुख नेताओं के साथ तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आज बैठक हो रही है। आगामी विधानसभा सत्र में विपक्ष की रणनीति समेत कई प्रमुख मुद्दों पर इसमें बातचीत की जाएगी।बिहार चुनाव में हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव आज दो अहम बैठक करेंगे। पहली बैठक वह राजद के जीते हुए विधायकों के साथ करेंगे। वही दूसरी बैठक महागठबंधन के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ करेंगे



दो दिन पहले वह दिल्ली गए थे। आज दिल्ली से लौटते ही वह अपने आवास पर बैठक करेंगे। महागठबंधन के नेताओं के साथ बैठक का नेतृत्व भी तेजस्वी यादव ही करेंगे। इसमें उनके महागठबंधन के विधायक दल का नेता चुना जाएगा।बिहार विधानसभा सत्र एक दिसंबर से शुरू हो रहा रहा है। इसके लेकर भी आज की बैठक काफी महत्वपूर्ण है। सत्र में राजद और विपक्ष की कार्यशैली कैसी रहेगी? किन मुद्दों पर सरकार को घेरा जाए? बिहार चुनावी में हार के मुख्य कारणों समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

# Aaj Ka Rashifal 29 November

## इन 5 राशि वालों के लिए खुशनुमा रहेगा दिन



29 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 29 नवंबर 2025 का राशिफल। आज 29 नवंबर, शनिवार का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर शनि की राशि कुंभ में होगा फिर इसके बाद मीन राशि में होगा। इसके अलावा अगर चंद्रमा के नक्षत्र के बात करें तो चंद्रमा पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र से संचार करेंगे

### मेष

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपके काम आसानी से पूरे होंगे। खर्चों पर आपको नियंत्रण रखना होगा। आप अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें और यदि किसी सहयोगी से कोई वाद विवाद चल रहा है, तो आप उसे भी दूर करने की कोशिश करेंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि काम को लेकर कोई मित्र सलाह दें, तो उस पर आप थोड़ा सोच समझकर ही अमल करें। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें। किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। वाहन की खराबी के कारण आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। आपको अपने बढ़ते खर्चों को थोड़ा लिमिट करके चलने की आवश्यकता है।

### कर्क

आज के दिन आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। कार्य क्षेत्र में कामों में कुछ समस्याएं आएंगी, इसलिए आप मिल बैठ कर दूर करने की कोशिश करेंगे। आपके पिताजी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। भाई व बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा हो सकता है। किसी कानूनी मामले में अपनी आंख व कान खुले रखें। जीवन साथी को आप कहीं बाहर लेकर जा सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों में निकटता आएगी। माता जी की किसी बात को लेकर कोई कहासुनी हो सकती है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियां बखुबी निभाएंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। स्वास्थ्य में हल्की थकान महसूस होगी। आप अपने बिजनेस की योजनाओं पर अपने किसी पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छे स्कीम में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आने वाले समय में बेहतर लाभ देगी। किसी मकान के खरीदारी के लिए आपको कोई लोन लेना पड़ सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप कोई निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें, क्योंकि जल्दबाजी के कारण कोई गलती हो सकती है। यदि आपने किसी काम को लेकर जोखिम उठाया, तो यह आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। अपनी धन संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आपको किसी नई नौकरी का बुलावा आ सकता है। माता जी को सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ थोड़ा अधिक रहेगी। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपका बॉस से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे, लेकिन कुछ अजनबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें। किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा। अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे और आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। कोई काम यदि पेंडिंग था, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करेंगे और बिजनेस में भी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपकी सेहत में गिरावट आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आप अपने कामों में कुछ परिवर्तन करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। किसी अजनबी पर भरोसा करना आपको नुकसान देगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में चल रही अनबन भी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति की मदद से दूर होती दिख रही है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सब बढ़िया रहने वाला है। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे। यदि कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो आज उसे भी पूरा करके ही दम लेंगे। आपको यदि कोई सेहत संबंधी समस्या चल रही थी, तो उसमें भी सुधार आएगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। परिवार के सदस्यों में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी और प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

आज के दिन बुध तुला राशि में मार्गी हो रहे हैं। साथ ही शनि, गुरु, सूर्य, शुक्र और मंगल के बीच त्रिकोण योग का निर्माण हो रहा है। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि तक सभी राशियों के लिए कैसा रहेगा आज का दिन। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

## Meerut: थापरनगर में शाहिद ने खरीदा मकान,


## हिंदू परिवारों ने लगाए 'घर बिकाऊ' के पोस्टर, पुलिस ने लगवाया ताला




शाहिद कुरैशी ने अनुभव कालरा व रीना कालरा से एक करोड़ रुपये में यह मकान खरीदा, बाकायदा रजिस्ट्री कराई गई। तीन दिन पहले ही थापरनगर में रहना शुरू किया था, जिसका पंजाबी समाज के करीब 100 परिवारों ने विरोध करते हुए हंगामा कर दिया।थापर नगर की गली नंबर-7 में एक मुस्लिम परिवार ने मकान खरीदकर दूध का कारोबार शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर शुक्रवार शाम पंजाबी समाज के लोगों ने विरोध कर दिया। समाज के 100 से अधिक परिवारों ने अपने घरों पर 'घर बिकाऊ है' और 'पलायन करने को मजबूर' के बोर्ड लगा दिए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और मुस्लिम परिवार से मकान खाली कराने की जिद पर अड़ गए। नारेबाजी शुरू होने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मकान खाली कराया और शनिवार को दोनों पक्ष को सदर थाने में बुलाया।जलीकोठी निवासी शाहिद कुरैशी ने अनुभव कालरा व रीना कालरा से करीब एक करोड़ रुपये में यह मकान खरीदा था। पांच दिन पहले रजिस्ट्री कराकर शाहिद कुरैशी परिवार के साथ यहां रहने आए और दूध का कारोबार शुरू किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दूध लेने आने वाले ग्राहकों की गाड़ियों व बाइक से गली में जाम लगने लगा है। आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होने लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर शुक्रवार शाम सात बजे विश्व हिंदू परिषद के महानगर मंत्री पवन कश्यप, बजरंग दल के महानगर संयोजक बंटी, शहर संयोजक हिमांशु शर्मा, समरसता प्रमुख विशाल धानक, अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे।

## Delhi-NCR AQI

### दिल्ली में 'जानलेवा' स्मॉग का कहर जारी, एक्यूआई 400 के करीब; जानें पूरे एनसीआर का हाल



Delhi-NCR AQI Level Today: राजधानी दिल्ली एक बार फिर जहरीली धुंध की मोटी चादर में लिपट गई है, जहां एक्यूआई का स्तर 400 के करीब है। विभिन्न इलाकों में 'गंभीर' श्रेणी का प्रदूषण स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहा है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एक बार फिर जहरीली धुंध की मोटी चादर में लिपट गई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आईटीओ, गाजीपुर, आनंद विहार और धौला कुआं जैसे प्रमुख इलाकों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है।शहर के अलग-अलग इलाकों की तस्वीरें सामने आई हैं। कैसे जहरीली धुंध ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया है। दृश्यता काफी कम हो गई है और सुबह-शाम लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है।बीते शुक्रवार सुबह दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में धुंध और हल्के कोहरे की मोटी चादर छाई रही, जिसने जनजीवन को प्रभावित किया। आसमान में स्मॉग की मौजूदगी के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे लोगों को दैनिक कामकाज में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मास्क पहने हुए देखे गए, और विशेष रूप से सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह स्थिति काफी कष्टदायक साबित हुई।शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 369 दर्ज किया गया, जो हवा की 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। यह गुरुवार की तुलना में 8 अंकों की गिरावट को दर्शाता है।

# तो इलाहाबाद में दूध बेच रहे होते अमिताभ बच्चन! एक्टर न होते तो क्या करते ये चर्चित अभिनेता?



Profession Bollywood Celebs Chose: हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें 90 के दशक के दिग्गज अभिनेता बता रहे हैं कि अगर एक्टर ना होते तो क्या करते?सोशल मीडिया पर एक अवॉर्ड फंक्शन का वीडियो वायरल है। जिसमें अमिताभ बच्चन, आमिर खान, सनी देओल के अलावा कई सेलेब्स नजर आ रहे हैं। वीडियो में 90 के दशक का दौर है। अवॉर्ड फंक्शन में जब सेलेब्स से पूछा गया कि वह एक्टर न बनते तो क्या होते? इस पर कई लोगों ने मजेदार जवाब दिए। वायरल वीडियो में जब अमिताभ बच्चन से पूछा गया कि वह एक्टर न बनते तो क्या करते? इस पर बिग बी ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, 'इलाहाबाद में दूध बेच रहा होता।' अमिताभ बच्चन इलाहाबाद से बिलॉन्ग करते हैं और पढ़ाई के बाद वह कोलकाता नौकरी करने के लिए गए थे। इसके बाद ही बॉलीवुड में एक्टर बनने के लिए आए थे।

आमिर खान और सनी देओल ने चुना कौन सा प्रोफेशन आमिर खान भी एक्टर ना होते तो वह टीचर बनते। वहीं सनी देओल ने कहा कि एक्टर न बनते हो जरूर खेल से जुड़ी किसी फील्ड में चले जाते। इसी तरह अमरीश पुरी ने बताया कि वह एक्टर बनने से पहले गर्वमेंट जॉब करते थे। अगर एक्टर न बनते तो जॉब ही कर रहे होते।अनुपम खेर और गुलशन ग्रोवर ने कही चौंकाने वाली बात अनुपम खेर और गुलशन ग्रोवर एक्टर न बनते तो वह जीवन में कुछ नहीं बन सकते थे|

# पलाश-स्मृति मामले पर कोरियोग्राफर नंदिका ने तोड़ी चुप्पी, अफवाहों को लेकर बोलीं- 'मेरी मेंटल हेल्थ पर असर...'



Nandika Dwivedi Breaks Silence On Smriti-Palash Row: स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल की शादी टलने के पीछे कई अटकलें और अफवाहें को जिम्मेदार माना जा रहा है। पलाश पर चीटिंग के आरोप लग रहे हैं। इस मामले में कोरियोग्राफर नंदिका द्विवेदी का नाम सामने आया था। अब नंदिका ने सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष रखा है। क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल की शादी टलने का मामला कुछ ही दिनों में अलग मोड़ ले चुका है। सोशल मीडिया पर पलाश की फ्लर्टिंग वाली एक कथित चैट सामने आई। इसके बाद एक कोरियोग्राफर नंदिका द्विवेदी से उनका नाम जोड़ा गया। कथित तौर पर इस लड़की के बारे में कहा गया कि इसकी वजह से स्मृति की शादी पलाश के साथ टली थी। इन अफवाहों के बीच अब नंदिका द्विवेदी ने चुप्पी तोड़ी है। पलाश और स्मृति के मामले पर उन्होंने अपना पक्ष रखा है।

नंदिका की मेंटल पर हुआ बुरा असर
जब पलाश और स्मृति की शादी टली और नंदिका का नाम इस पूरे मामले में सामने आया तो उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट प्राइवेट कर दिया। लेकिन हाल ही में इस कोरियोग्राफर ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिसमें लिखा था, 'यह सब मेरे लिए आसान नहीं था। मैं किसी को गलत तरीके से दोषी नहीं बनाना चाहती हूं। जो लोग मेरी केयर करते हैं, वह इन बातों से काफी दुखी हैं। जबकि यह सब जानकारी सच भी नहीं है। इससे मेरी मेंटल हेल्थ पर असर हुआ है। मुझे धमकी भी मिल रही हैं। यह सब मेरे फैमिली मेंबर से देखा नहीं जा रहा है। इसलिए ही मैंने अपना अकाउंट प्राइवेट कर दिया था।'

# ओपनिंग डे पर छाई 'तेरे इश्क में', 'गुस्ताख इश्क' ने की धीमी शुरुआत; जानें 'जूटोपिया 2' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन




Box Office Collection: शुक्रवार को सिनेमाघरों में बॉलीवुड फिल्मों के साथ हॉलीवुड फिल्म ने भी दस्तक दी है। आइए जानते हैं इन फिल्मों का ओपनिंग डे कलेक्शन कैसा रहा? शुक्रवार को सिनेमाघरों में 'तेरे इश्क में', 'गुस्ताख इश्क' और 'जूटोपिया 2' जैसी फिल्में रिलीज हुईं। ओपनिंग डे पर कुछ फिल्मों ने अच्छा किया तो कुछ फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। आइए जानते हैं इन फिल्मों के अलावा दूसरी फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?धनुष और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'तेरे इश्क में' का दर्शकों को काफी इंतजार था। अब यह इंतजार खत्म हुआ। 28 नवंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। ओपनिंग डे पर इसने 16.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 85 करोड़ रुपये है। इस लिहाज से इसकी पहले दिन की कमाई काफी अच्छी है।फरहान अख्तर की अदाकारी वाली फिल्म '120 बहादुर' की एक हफ्ते के बाद कमाई लाखों में सिमट गई है।शुक्रवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 47 लाख रुपये का कलेक्शन किया।

फातिमा सना शेख और विजय वर्मा की अदाकारी वाली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' ने भी 28 नवंबर को सिनेमाघरों पर दस्तक दी। दर्शकों से इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जलवा नहीं दिखा सकी। ओपनिंग डे पर इसने सिर्फ 50 लाख रुपये ही कमाए। इस फिल्म का बजट 25 करोड़ रुपये बताया जाता है। इस लिहाज से फिल्म की कमाई बहुत कम है।एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' भारत में 28 नवंबर को रिलीज हुई। इसे दर्शकों ने सराहा और अच्छी प्रतिक्रिया दी। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। पहले दिन इसने 1.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। यह फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'जूटोपिया' का सीक्वल है।

# रेखा-काजोल से लेकर जान्हवी कपूर तक, 'गुस्ताख इश्क' के इवेंट में पहुंचे ये सितारे; देखें वीडियो



Gustaakh Ishq Event: फिल्म 'गुस्ताख इश्क' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म के निर्माताओं ने एक इवेंट रखा है, जिसमें तमाम सितारे पहुंच रहे हैं। देखें कौन-कौन पहुंचा।विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म 'गुस्ताख इश्क' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के मेकर्स ने एक कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसमें कई दिग्गज सितारे पहुंच रहे हैं। इस लिस्ट में रेखा, रितेश देशमुख, काजोल से लेकर दिशा पाटनी तक शामिल हैं। इन सेलेब्स के वीडियोज भी सामने आ रहे हैं। देखें वीडियो।इस वीडियो में मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा दिख रहे हैं, जो फिल्म 'गुस्ताख इश्क' के निर्माता हैं। उनके साथ दिशा पाटनी और जान्हवी कपूर भी नजर आ रही हैं। दोनों ब्लैक आउटफिट में दिख रही हैं।

ब्लैक साड़ी में दिखीं काजोलअभिनेत्री काजोल भी इस इवेंट पहुंचीं। एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की साड़ी पहन रखी है। आपको बता चलें कि वो अपनी मां के साथ इसमें शामिल हुईं। दिग्गज अभिनेत्री रेखा अपने आउटफिट्स के लिए जानी-जाती हैं। अभिनेत्री ब्लैक कलर की ड्रेस के साथ स्टाइलिश गॉगल भी पहन रखा था, जो उनके लुक और निखार रहा था।

# IFFI में शामिल होने पर ऋषभ शेट्टी ने जाहिर की खुशी, बोले- यह नई पीढ़ी के फिल्ममेकर्स को इंस्पायर करता है



Rishab Shetty Attend IFFI: इन दिनों गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव चल रहा है। सिनेमा जगत की कई हस्तियां इस आयोजन में शामिल हो रही हैं। हाल ही में 'कांतारा चैप्टर 1' डायरेक्टर ऋषभ ने भी IFFI में शिरकत की। ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा' और 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए देश और दुनिया भर में बतौर फिल्ममेकर और अभिनेता एक अलग जगह बना ली है। हाल ही में यह चर्चित डायरेक्टर, एक्टर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहुंचे। इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनकर वह काफी खुश हैं। 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में पहुंचकर ऋषभ शेट्टी ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि दूसरी बार इस फिल्म फेस्टिवल में आया हूं। हम सब सिनेमा का जश्न मना रहे हैं। पूरी इंडियन फिल्म इंडस्ट्री यहां मौजूद है। मैं यह देखकर बहुत खुश हूं। ऐसे फिल्म फेस्टिवल नई पीढ़ी के फिल्ममेकर्स को इंस्पायर करते हैं। इस आयोजन को करवाने के लिए मैं गोवा सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं। ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए भारतीय परंपरा, संस्कृति की कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा। इस फिल्म ने लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने का एक मौका दिया। फिल्म में आस्था का एक धार्मिक पक्ष था, वहीं लोककथा का रोमांच भी था। साथ ही फिल्म में जबरदस्त एक्शन सीन्स भी दर्शकों को पसंद आए थे। इस फिल्म में ऋषभ शेट्टी ने लीड रोल निभाया है, साथ ही फिल्म का डायरेक्शन भी किया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 900 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। साल 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' बनीं।

# Bigg Boss 19: तान्या मित्तल पर हाथ उठाना अशनूर को पड़ा भारी, सलमान खान ने जमकर लगाई क्लास; सुना दिया ये फैसला



Bigg Boss 19 New Promo: बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में बहुत बवाल होने वाला है। शो का एक नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान कंटेस्टेंट अशनूर कौर पर भड़कते दिख रहे हैं।इस बार बिग बॉस 19 के वीकएंड का वार में कंटेस्टेंट की जमकर क्लास लगने वाली हैं। ये हफ्ता इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि अब शो अपने ग्रैंड फिनाले से बस कुछ दिन दूर है। हाल ही में जारी हुए नए प्रोमो में शो के होस्ट सलमान खान, अशनूर पर आगबबूला होते दिख रहे हैं। वजह है तान्या मित्तल संग उनकी लड़ाई। देखें प्रोमो। प्रोमो में सलमान खान कहते हैं, 'अशनूर किसी पर हाथ उठाना, किसी को चोट पहुंचाना, बिग बॉस के घर में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इनका गुस्सा इतना ज्यादा था कि इन्होंने जानबूझकर उस लकड़ी के टुकड़े को तान्या की तरफ जोर से घुमाया। ये साफ है कि आपने वो सब इरादतन और गुस्से में किया। आगे अशनूर कौर ने कहा, 'तान्या को मारने का मेरा कोई इरादा नहीं था, वो लग गई बस।' इतना सुनते ही सलमान कहते हैं, 'ये लग गई क्या होता है? आपने लकड़ी निकालकर मारा है। हमारे घर के कुछ नियम है, जो हमें फॉलो करना होगा।'इससे पहले एक रिपोर्ट्स में बताया गया है कि अशनूर कौर का बिग बॉस 19 से सफर खत्म हो चुका है। यानी कि तान्या मित्तल को मारना अशनूर को काफी भारी पड़ गया। बिग बॉस 19 में इन प्रतियोगियों में है टक्कर रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉस 19 में डबल एविक्शन हुआ है, जिसमें अशनूर कौर और शहबाज बदेशा बाहर हो गए हैं। इस हिसाब से शो में छह प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना फाइनल में पहुंच चुके हैं, क्योंकि उन्होंने टिकट टू फिनाले टास्क जीतकर खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

## Biz Updates: ड्रोनआचार्य पर सेबी का 75 लाख जुर्माना और दो साल बैन

# PNB घोटाले में आरोपी चोकसी की याचिका खारिज



भारत के शेयर बाजार नियामक- सेबी ने ड्रोनआचार्य एरियल इनोवेशन्स उसके प्रमोटरों और अन्य को प्रतिभूति बाजार से दो साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया। आईपीओ की राशि के दुरुपयोग के लिए 75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मोटर और प्रबंध निदेशक प्रतीक श्रीवास्तव और निकिता श्रीवास्तवप्र पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

सेबी ने डीएआईएल, इंस्टाफिन फाइनेंशियल एडवाइजर्स और संदीप घाटे पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। माइक्रो इंफ्राटेक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीएआईएल ने अपने आईपीओ में जनता से 33.96 करोड़ रुपये जुटाए। शेयरों को 23 दिसंबर, 2022 को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया गया। इसने झूठी घोषणाएं की जिससे शेयरों की खरीद बढ़ गई। इससे आईपीओ से पहले के निवेशक एक समान कीमत पर शेयर बेचकर बाहर निकल गए। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी को शुक्रवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब विशेष अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की कार्यवाही रद्द करने की उसकी याचिका खारिज कर दी।हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने इस वर्ष अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इसमें उसे एफईओ घोषित करने संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन को खारिज करने का अनुरोध किया था।

## RBI Report

# 2.69 लाख करोड़ का लाभांश आरबीआई ने किया मंजूर




अप्रैल से अक्तूबर के बीच कुल प्राप्तियां 18 लाख करोड़ रुपये रहीं। खर्च 26.25 लाख करोड़ रुपये रहा। ये इस वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का क्रमशः 51.5 फीसदी और 51.8 फीसदी था। पिछले वर्ष की समान अवधि में कुल प्राप्तियां अनुमान का 53.7 फीसदी थीं। अप्रैल से अक्तूबर तक यानी इस वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में देश का राजकोषीय घाटा बढ़कर 8.25 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह सरकार के वार्षिक अनुमानों का 52.6 फीसदी है, जो पिछले वर्ष के 46.5 प्रतिशत से अधिक है। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के अनुपात में 4.4 फीसदी तक कम करना है। यह एक साल पहले 4.8 फीसदी था। अप्रैल से अक्तूबर के बीच कुल प्राप्तियां 18 लाख करोड़ रुपये रहीं।

खर्च 26.25 लाख करोड़ रुपये रहा। ये इस वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का क्रमशः 51.5 फीसदी और 51.8 फीसदी था। पिछले वर्ष की समान अवधि में कुल प्राप्तियां अनुमान का 53.7 फीसदी थीं। खर्च एक वर्ष पहले के 51.3% से थोड़ा बढ़ा है। राजस्व प्राप्तियां 17.63 लाख करोड़ रुपये रहीं। इनमें से कर राजस्व 12.74 लाख करोड़ और गैर कर राजस्व 4.89 लाख करोड़ रहा। कर राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के 13.04 लाख करोड़ से बढ़कर 17.63 लाख करोड़ हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार के 2.69 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूर किया था। इससे गैर-कर राजस्व में उछाल आया है।

## India Airbus Solar Radiation

# भारत में करीब 250 विमानों के सॉफ्टवेयर बदलने होंगे



विमानन कंपनी एयरबस के बेड़े में शामिल लगभग 250 ए320 श्रेणी के विमानों में जरूरी बदलाव करने होंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया है कि भारत में इस्तेमाल किए जा रहे इन विमानों का संचालन कुछ समय के लिए रोकना भी पड़ सकता है। भारत में लगभग 200-250 विमानों में गंभीर परेशानी होने की आशंका है। एयरबस कंपनी के इन विमानों में सॉफ्टवेयर बदलने होंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि तीव्र सौर विकिरण (Solar Radiation) के कारण महत्वपूर्ण डाटा प्रभावित हो सकता है। कंपनी के मुताबिक ये डाटा उड़ान नियंत्रण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में भारतीय एयरलाइनों को तीव्र सौर विकिरण से जुड़ी इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कराने होंगे। शुक्रवार देर रात जारी बयान के मुताबिक एयरबस ने कहा, ए320 श्रेणी के अनेक विमानों का डाटा प्रभावित हो सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव किया जाना जरूरी है। इस प्रक्रिया को पूरा करते समय ए320 विमानों के परिचालन में व्यवधान आ सकता है।इन विमानों में समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में बदलाव की जरूरत है।

# वैल्यू फंड में निवेश पर भारी रिटर्न

### मजबूत कंपनियों में करते हैं निवेश, ICICI ने बनाया 10 लाख को 4.85 करोड़



घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में वैल्यू फंड्स निवेशकों के लिए शानदार रिटर्न का जरिया बन रहे हैं। शीर्ष फंड हाउसों ने 3 साल में 21% से अधिक मुनाफा दिया है। टिकाऊ बिजनस मॉडल और कम दाम पर उपलब्ध मजबूत कंपनियों पर दांव लगाने की रणनीति ने इन्हें कीमतों के जाल से बचाए रखा है। घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में इस समय वैल्यू फंड निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहे हैं। शीर्ष फंड हाउसों में पिछले तीन वर्षों में 21 फीसदी से ज्यादा फायदा मिला है। इन फंडों का फोकसऐसी मजबूत कंपनियों को पहचानने पर रहता है जिनका बिजनस मॉडल टिकाऊ है। जिनके मूलभूत संकेतक बेहतर हो रहे हैं और जिनकी प्रबंधन टीम भरोसेमंद है, लेकिन जिनके शेयर अस्थायी रूप से कम कीमत पर उपलब्ध हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, ऐसी रणनीति ने अब तक फंड को कीमतों के जाल से बचाए रखा है। उदाहरण के तौर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का वैल्यू फंड सबसे लोकप्रिय फंडों में से एक बन चुका है। यह एक असली वैल्यू फंड है और उन सबसे बड़े वैल्यू फंडों में गिना जाता है, जो कंपनियों के शेयर पहचानने में लगातार सफल रहा है और जिनकी कीमत उनकी असली वैल्यू से कम पर ट्रेड हो रही होती है। अगस्त, 2004 में शुरू इस फंड में उस समय 10 लाख का निवेश अब 4.85 करोड़ रुपये (20.1 फीसदी चक्रवृद्धि) बन गया है। निफ्टी-50 टीआरआई में यही रकम केवल 2.1 करोड़ रुपये हुई है। वैल्यू फंड बाजार की अलग-अलग श्रेणियों (लार्ज, मिड और स्मॉलकैप) में निवेश करते हैं। इस समय इन फंडों का सॉफ्टवेयर, फार्मा-हेल्थकेयर और बैंकिंग सेक्टर में अधिक और सीमेंट, इंटरनेट, रिटेल और मेटल्स में कम निवेश है। आईप्रू वैल्यू फंड में 2004 से मासिक 10,000 रुपये के एसआईपी में 25.5 लाख का निवेश 31 अक्तूबर, 2025 तक 2.4 रुपये करोड़ हो गया। निफ्टी-50 टीआरआई में यह रकम 1.2 करोड़ रुपये हुई है।

## Market: बॉन्ड बाजार में छोटी कंपनियों को भी मिले पहुंच

### नागेश्वरन ने बड़ी कंपनियों के एकाधिकार पर जताई चिंता



नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में कहा कि बॉन्ड बाजार और बैंक फंडिंग का डबल-इंजन भारत जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आगे चलकर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। बॉन्ड बाजार में बड़ी और अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों के एकाधिकार पर सरकार ने चिंता जताई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, मध्यम आकार की कंपनियों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजार तक पहुंचने में सक्षम बनाने की जरूरत है। साथ ही, बाजार में तरलता भी बढ़ाने की आवश्यकता है। निवेशकों को परिपक्वता तक बॉन्ड रखने की प्रवृत्ति को छोड़नी होगी। नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में कहा, बॉन्ड बाजार और बैंक फंडिंग का डबल-इंजन भारत जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आगे चलकर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मांगों के बीच घरेलू धन को भारतीय ऋण बाजारों में फंडिंग का संचालन करना चाहिए और विदेशी प्रवाह को इसका पूरक होना चाहिए। सीईए ने कहा, बड़ी और उच्च रेटिंग वाली कंपनियां आसानी से पूंजी जुटा लेती हैं। आगे का काम मध्यम आकार की कंपनियों, बुनियादी ढांचा विशेष प्रयोजन कंपनियों (एसपीवी) और आपूर्ति श्रृंखला फर्मों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजारों तक पहुंच प्रदान करना है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















# Deaflympics 2025: PM मोदी ने डेफलिंपिक्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा, भारत ने टोक्यो में जीते 20 पदक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो डेफलिंपिक्स में रिकॉर्ड तोड़ 20 पदक जीतने वाले भारतीय दल को बधाई दी है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

पीएम ने अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'टोक्यो में 25वें समर डेफलिंपिक्स 2025 में शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे डेफलिंपियंस को बहुत-बहुत बधाई। 9 स्वर्ण सहित 20 पदक की अब तक की सबसे अच्छी मेडल टैली के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पक्का इरादा और लगन से शानदार नतीजे मिल सकते हैं। हर एथलीट, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है।'

# दिल्ली कैपिटल्स से लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तक WPL ऑक्शन के बाद कौन सी टीम हुई मजबूत? नोट कर लें फुल स्क्वॉड



महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी में 67 खिलाड़ियों पर सफल बोली लगी. इसके लिए सभी पांच फ्रेंचाइजी टीम्स ने मिलकर कुल 40.8 करोड़ रुपये खर्च किए. ऑक्शन के बाद सभी टीम्स काफी संतुलित नजर आ रही हैं.महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 के लिए गुरुवार (27 नवंबर) को मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया. नई दिल्ली के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में हुई इस नीलामी में टीम इंडिया की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं. दीप्ति को यूपी वॉरियर्स ने 3.20 करोड़ रुपये में अपनी टीम में दोबारा शामिल किया.दीप्ति के लिए यूपी की टीम ने राइट टू मैच (RTM) कार्ड का प्रयोग किया. खरीदा. विदेशी खिलाड़ियों में एमेलिया केर को सबसे ज्यादा रकम मिली. एमेलिया 3 करोड़ रुपये में आरटीएम के जरिए मुंबई इंडियंस में फिर से शामिल हुई हैं.

# Kohli-Dhoni Reunion रांची में धोनी के घर पहुंचे कोहली और पंत




रांची में गुरुवार देर रात भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए एक दिल छू लेने वाला पल देखने को मिला। एक वायरल वीडियो में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने पुराने साथी और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपनी कार में ड्राइव करते हुए नजर आए। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर आया, यह मिनटों में वायरल हो गया और फैन्स ने इसे 'री-यूनियन ऑफ द ईयर' कहना शुरू कर दिया। अक्सर जब टीम इंडिया रांची में मैच खेलने आती है, तब क्रिकेटर धोनी के घर पहुंचते हैं, और यह परंपरा इस बार भी जिंदा रहा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने रांची पहुंची है, और यह मुलाकात उसी दौरान हुई। विराट के अलावा कई और खिलाड़ी भी धोनी से मिलने उनके घर पहुंचे।

# टीम इंडिया दबाव में!: गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना




टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपेल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरुआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।पहले टेस्ट में हार और दूसरे टेस्ट में खराब स्थिति के कारण भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी कमजोर होती दिख रही हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की, देखें वीडियो



भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की। इसका वीडियो सामने आया है। खिलाड़ियों और स्टाफ ने पीएम मोदी और ट्रॉफी के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से बात की और उनका अनुभव जाना। पीएम मोदी ने टीम से दिल्ली स्थित अपने आवास पर मुलाकात की।भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी।भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।